

# व्यावसायिक भागीदार मानदंड

मूल्य श्रृंखला में ज़िम्मेदार व्यापार आचरण का समर्थन और पालन करने के लिए, यह दस्तावेज़ उन नैतिक आवश्यकताओं का सारांश प्रस्तुत करता है जिनका हमारे सभी व्यावसायिक भागीदारों को पालन करना आवश्यक है।

Atlas Copco Group

# उद्देश्य

स्टॉकहोम, स्वीडन में स्थित एक वैश्विक, औद्योगिक कंपनी के रूप में, Atlas Copco Group में 50,000 से अधिक कर्मचारी हैं और 180 से अधिक देशों में ग्राहक हैं। हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, अन्य व्यावसायिक साझेदारों और हमारे हितधारकों की पहली पसंद बनना ही हमारे समूह का लक्ष्य है। Atlas Copco Group अपने प्रमुख मूल्यों का पालन करते हुए और अपने व्यवसाय के अभ्यासों में नैतिकता बनाकर, उन व्यावसायिक भागीदारों के साथ मिलकर जो समान मूल्यों और मानकों का पालन करते हैं, इसे प्राप्त करने का इरादा रखता है।

यह व्यावसायिक भागीदार मानदंड दस्तावेज़, हमारे व्यावसायिक भागीदारों से समूह की बुनियादी अपेक्षाओं की संक्षिप्त व्याख्या प्रदान करके, Atlas Copco Group की आचार संहिता के कार्यान्वयन में सहायता करता है। महत्वपूर्ण व्यावसायिक भागीदारों को या तो इस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करके या एक समान आचार संहिता दिखाकर Atlas Copco Group की आचार संहिता का पालन करने की प्रतिबद्धता जतानी होगी।

Atlas Copco Group की आचार संहिता निम्नलिखित को निर्धारित करती है:

- Atlas Copco Group में, हम अपने सभी व्यावसायिक कार्यों में नैतिकता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसका अर्थ है कि हम अपने व्यावसायिक भागीदारों से भी यही उम्मीद रखते हैं।
- सभी व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे हमारी आचार संहिता का पालन करें। हम अपने व्यावसायिक भागीदारों की जांच और ऑडिट करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे गुणवत्ता, व्यावसायिक नैतिकता, मानवाधिकार, पर्यावरण और संसाधन दक्षता के संबंध में हमारे मानकों को बनाए रखते हैं। व्यावसायिक भागीदारों को लिखित रूप से अग्रिम अनुरोध करने पर Atlas Copco Group द्वारा किए गए किसी भी ऑडिट में सहयोग करना होगा।
- हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को हमारी आचार संहिता के संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**व्यावसायिक भागीदार मानदंड हमारी आचार संहिता पर आधारित हैं, जो Atlas Copco Group द्वारा समर्थित निम्नलिखित मुख्य अंतरराष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों पर आधारित है:**

- बुनियादी सिद्धांतों और कार्यस्थल पर अधिकार पर ILO की घोषणा
- संयुक्त राष्ट्र वैश्विक कॉम्पैक्ट
- संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक
- बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए OECD दिशानिर्देश
- व्यवसाय और मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र मार्गदर्शक सिद्धांत

Atlas Copco Group की आचार संहिता और व्यावसायिक साझेदार मानदंड में संदर्भित अन्य दस्तावेज़ के साथ-साथ हमारा दुर्व्यवहार रिपोर्टिंग सिस्टम SpeakUp हमारी बाहरी वेबसाइट पर उपलब्ध है: [www.atlascopcogroup.com](http://www.atlascopcogroup.com)

# व्यावसायिक भागीदार की आवश्यकताएँ

व्यावसायिक भागीदार जैसे कि आपूर्तिकर्ताओं, उप-ठेकेदारों, संयुक्त उद्यम भागीदारों, एजेंट, पुनर्विक्रेताओं या वितरकों को हमारी आचार संहिता के अनुसार समूह की प्रतिबद्धताओं और अपेक्षाओं को कायम रखने के लिए सहमत होना चाहिए। यदि Atlas Copco Group के उत्पादों या सेवाओं के उत्पादन के लिए व्यावसायिक भागीदार उप-ठेकेदारों की सहायता लेते हैं, तो यह उस व्यावसायिक भागीदार की ज़िम्मेदारी है कि वह अपने उप-ठेकेदारों का मूल्यांकन और चयन करने के लिए इन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करे। अनुरोध किए जाने पर, व्यावसायिक भागीदार को Atlas Copco को सूचित करना होगा कि वे किन उप-ठेकेदारों की सहायता ले रहे हैं।

व्यावसायिक भागीदारों को अपनी सभी गतिविधियों में उन देशों में अपने संचालन और रोजगार पर लागू होने वाले कानूनों और विनियमों का पालन करना होगा जहाँ वे कार्यरत हैं। Atlas Copco Group की आवश्यकताएँ स्थानीय कानून में निर्धारित आवश्यकताओं से अधिक हो सकती हैं, इस स्थिति में व्यावसायिक भागीदार को Atlas Copco Group की अतिरिक्त आवश्यकताओं का पालन करना होगा। Atlas Copco Group की आवश्यकताओं और लागू कानून और विनियमों के बीच विरोध होने की स्थिति में, व्यावसायिक भागीदार को इस दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से पहले Atlas Copco Group को विरोध के बारे में सूचित करना होगा।

Atlas Copco Group में, हम उम्मीद करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार हमारी आचार संहिता के किसी भी संदेहात्मक उल्लंघन की रिपोर्ट करेंगे। हमारे पास SpeakUp नाम का एक बाहरी रिपोर्टिंग सिस्टम है, जो सभी हितधारकों के लिए उपलब्ध है ओर यह सिस्टम उन्हें गुमनाम रखता है। रिपोर्ट लगभग सभी भाषाओं में की जा सकती है। हमारी वेबसाइट पर Speakup के बारे में और अधिक जानें।



## 1. पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी लेना और जलवायु संबंधी कार्रवाई करना

व्यावसायिक भागीदारों के पास एक स्वीकृत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए या फिर उन्हें अपने पर्यावरणीय प्रदर्शन तथा पर्यावरणीय प्रभाव में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्धता दिखानी होगी। इसमें उत्पादन, डिजिटलाइज़ेशन, उत्पाद का उपयोग, परिवहन या अपशिष्ट के निपटान से होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के प्रयास करना शामिल है। सभी व्यावसायिक भागीदारों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्पर रहना चाहिए तथा ठोस कदम उठाने चाहिए साथ ही उन्हें उन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रचार में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, जो हमें एक कम कार्बन वाले समाज की और ले जाने में सहायक हैं।



## 2. Atlas Copco Group के निषिद्ध और घोषणात्मक सूचियों का अनुपालन

व्यावसायिक भागीदारों को Atlas Copco Group की निषिद्ध और घोषणात्मक सूचियों[1] का पालन करना चाहिए, सूचियों के अपडेट को ध्यान में रखना चाहिए और अगर कोई सूची में शामिल किसी भी पदार्थ के प्रयोग में कोई समस्या उत्पन्न हो, तो Atlas Copco Group को सूचित करना चाहिए।

Atlas Copco Group की निषिद्ध सूची उन पदार्थों के बारे में बताती है जिन्हें Atlas Copco Group को डिलीवर किए गए किसी भी उत्पाद में या उत्पादन प्रक्रिया में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

Atlas Copco Group की घोषणात्मक सूची उन पदार्थों के बारे में जानकारी प्रदान करती है जिनका उपयोग सीमित होगा। व्यावसायिक भागीदारों को Atlas Copco Group को डिलीवर किए गए उत्पादों में इन सूचीबद्ध पदार्थों का उपयोग घोषित करना चाहिए। घोषणात्मक सूची में विवादित खनिजों[2] को भी शामिल किया गया है। यदि Atlas Copco Group द्वारा अनुरोध किया जाता है, तो व्यावसायिक भागीदारों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले पुर्जों, उत्पाद या कच्ची सामग्री में किसी एक या उससे अधिक में विवादित खनिज हैं जिन्हें संघर्ष-प्रभावित और उच्च जोखिम वाले देशों[3] से मंगाया गया है, तो उन्हें OECD सम्यक् तत्परता दिशानिर्देशों[4] का पालन करते हुए यथोचित आचरण करने के लिए सहयोग हेतु तैयार होना चाहिए।

[1] हमारी निषिद्ध और घोषणात्मक सूचियाँ हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं: www.atlascopcogroup.com

[2] कोलम्बाइट-टांटलाइट (कोल्टान), कैसिटेराइट, सोना, वोल्फ्रामाइट या उनके उपशिल्प टिन, टंगस्टन और टैंटलम, या यूरोपीय संघ या संयुक्त राज्य द्वारा विवादित खनिज के रूप में वर्गीकृत कोई भी अन्य खनिज।

[3] संघर्ष प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों का मतलब उन क्षेत्रों से है जहाँ सशस्त्र संघर्ष की स्थिति है या फिर संघर्ष के बाद की नाज़ुक स्थिति है, साथ ही ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन और सुरक्षा कमज़ोर या अस्तित्व में नहीं है, जैसे विफल राज्य, और वह जहाँ अंतरराष्ट्रीय कानून की व्यापक और तंत्रिका उल्लंघनों के साथ-साथ मानवाधिकारों के उल्लंघनों की भी घटना होती है।

[4] संघर्ष प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से खनिजों की ज़िम्मेदार आपूर्ति श्रृंखलाओं के OECD सम्यक् तत्परता दिशानिर्देश

### 3. मानवाधिकारों का समर्थन और सम्मान

व्यावसायिक भागीदारों को मानवाधिकारों के संरक्षण का समर्थन और सम्मान करना चाहिए। उन्हें इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि वे मानवाधिकारों के हनन में शामिल नहीं हैं और Atlas Copco Group द्वारा समर्थित मुख्य अंतर्राष्ट्रीय नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।

### 4. कोई आधुनिक शोषण या जबरन मजदूरी नहीं

किसी भी प्रकार की आधुनिक गुलामी जिसमें श्रमिक से जबरन या उसकी इच्छा के बिना कार्य करवाना शामिल है Atlas Copco Group के लिए अस्वीकार्य है। इसमें किसी व्यक्ति को दंड की धमकी देकर, ऋण बंधन या अन्य किसी भी दबाव से काम करवाना शामिल है। Atlas Copco Group व्यावसायिक भागीदारों को कर्मचारियों के रोजगार के दौरान उनसे पैसे जमा कराने या मूल दस्तावेज़ जैसे पासपोर्ट, शिक्षा प्रमाण पत्र और इसी तरह के कागज़ात जमा कराने की मांग से भी रोकता है।

### 5. बालश्रम नहीं

Atlas Copco Group बालश्रम के उपयोग का निषेध करता है। व्यावसायिक भागीदारों को यह सुनिश्चित करने के लिए निवारक कदम उठाने चाहिए कि वे किसी भी ऐसे व्यक्ति को रोजगार न दें जिसकी आयु रोजगार करने की कानूनी आयु से कम हो। इसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु अनिवार्य शिक्षा पूरी करने की आयु या 15 वर्ष से कम है उसे रोजगार पर नहीं रखा जाएगा। जहाँ स्थानीय कानून एक उच्चतर आयु सीमा निर्धारित करता है, वहाँ इसका पालन किया जाएगा। अधिकृत अवयस्कों के लिए, उपयुक्त काम करने की स्थिति, कार्य के समय और उसकी आयु के हिसाब से न्यूनतम वेतन लागू संबंधित कानून के अनुसार प्रदान करने के लिए प्रबंधन ज़िम्मेदार है। जोखिमपूर्ण कार्य के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष है।

### 6. भेदभाव समाप्त करना

व्यावसायिक भागीदारों को समान अवसरों, निष्पक्षता और विविधता का समर्थन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी कर्मचारियों पर उनकी उम्र, विकलांगता, जातीयता, लिंग, लिंग पहचान, राष्ट्रीयता, राजनीतिक राय, धर्म या यौन अभिविन्यास पर ध्यान दिए बिना, किसी भी रोजगार संबंधी निर्णयों में उनकी क्षमताओं और योग्यता के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए।

### 7. एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश सुनिश्चित करना

व्यावसायिक भागीदारों को हमेशा कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यस्थल के परिसर और फ़ैक्ट्री की स्थिति ऐसी होनी चाहिए कि श्रमिक एक सुरक्षित और स्वस्थ मौहौल में अपना कार्य कर सकें, जिसमें आग की रोकथाम भी शामिल है। जोखिमों को कम करने के लिए, कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को संरक्षित रखने हेतु उपयुक्त नीतियाँ होनी चाहिए, उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और उनकी भूमिका के वर्णन स्पष्ट होने चाहिए। कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के लिए आवश्यक है कि वे व्यक्तियों की गरिमा की रक्षा करे और व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करे। व्यावसायिक भागीदारों को अपने कर्मचारियों की ओर से सुरक्षा सुनिश्चित करने और कार्यस्थल की स्थितियों से होने वाली दुर्घटनाओं और बीमारियों को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करनी चाहिए। इसमें प्राथमिक चिकित्सा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की उपलब्धता के साथ-साथ सही और (जहाँ लागू हो) प्रमाणित उपकरण शामिल हैं।

### 8. उचित वेतन और समुचित कार्य समय

सभी प्रदर्शन को निष्पक्ष रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। न्यूनतम के रूप में, व्यावसायिक भागीदारों को कार्य के घंटे, ओवरटाइम, ब्रेक, अवकाश, वेतन और लाभों के संबंध में प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं और लागू सामूहिक सौदेबाजी समझौतों का पालन करना चाहिए।

## 9. संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी का अधिकार

व्यावसायिक भागीदारों को यह पुष्टि करनी चाहिए कि उनके कर्मचारी कार्यस्थल और मुआवजे से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए प्रबंधन के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। कर्मचारियों को यह चुनने का अधिकार है कि सामूहिक सौदेबाजी के उद्देश्य से उन्हें श्रम संघों के माध्यम से प्रतिनिधित्व करना चाहिए या नहीं। Atlas Copco Group ऐसे अधिकारों का उपयोग करने वाले किसी भी कर्मचारी के साथ भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करता है।

## 10. बौद्धिक संपदा

व्यावसायिक भागीदार समझते हैं कि पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिज़ाइन, डोमेन नाम, तकनीकी जानकारी और व्यापार रहस्यों जैसी बौद्धिक संपदा अधिकार महत्वपूर्ण व्यावसायिक संपत्तियाँ हैं और Atlas Copco Group के बौद्धिक संपदा अधिकारों की पूरी तरह से सुरक्षा करने और बौद्धिक संपदा से संबंधित कोई भी जानकारी तीसरे पक्ष को प्रकट न करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## 11. कोई भ्रष्टाचार नहीं

व्यावसायिक भागीदारों को निष्पक्ष, और नैतिक व्यवसाय को बढ़ावा देना चाहिए और सभी प्रकार के भ्रष्ट आचरण के विरुद्ध काम करना चाहिए। व्यावसायिक भागीदारों को स्थानीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी सम्मेलनों का पालन करना चाहिए और Atlas Copco Group के कर्मचारियों या किसी तीसरे पक्ष जैसे सार्वजनिक अधिकारियों को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिए कुछ भी ऑफ़र नहीं करना चाहिए।

व्यावसायिक भागीदार संभावित हितों के टकराव से बचें और हमेशा Atlas Copco Group को व्यावसायिक भागीदार और Atlas Copco Group के बीच संबंध में उत्पन्न संभावित हितों के टकराव की जानकारी दें।

## 12. विपरीत प्रतिस्पर्धा व्यवहार ना करें

व्यावसायिक भागीदारों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और प्रतिस्पर्धा को रोकने या प्रतिबंधित करने या उसके उद्देश्य से मूल्य निर्धारण, बिड, बाज़ार भागीदारी या किसी अन्य समान गतिविधियों के संबंध में प्रतिस्पर्धियों के साथ कोई भी चर्चा, औपचारिक या अनौपचारिक समझौते में प्रवेश नहीं करने के लिए सहमत होना चाहिए।

## 13. व्यापार अनुपालन दायित्वों का पालन करना

व्यावसायिक भागीदारों को परमाणु हथियारों, मिसाइल प्रौद्योगिकी, रासायनिक और जैविक हथियारों के अप्रसार पर अंतर्राष्ट्रीय संधियों और समझौतों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए, साथ ही सभी लागू अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, निर्यात नियंत्रण और आर्थिक प्रतिबंध विनियमों और व्यवस्थाओं का पालन करना चाहिए।

जो वस्तुएँ और सेवाएँ निर्यात या आयात की जा रही हैं, उन्हें हमेशा सही तरीके से वर्गीकृत किया जाना चाहिए ताकि उचित सीमा शुल्क घोषणाओं को सुनिश्चित किया जा सके और सभी आवश्यक परमिट प्राप्त किए जा सकें, और शुल्क का भुगतान किया जा सके।

## 14. डेटा संरक्षण और गोपनीयता

व्यावसायिक भागीदारों को व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करनी चाहिए और गोपनीयता के अधिकार का सम्मान करना चाहिए। इसका मतलब यह है कि कर्मचारियों और ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा को ज़िम्मेदारी और कानूनी रूप से एकत्र, उपयोग और संसाधित किया जाना चाहिए।

व्यावसायिक भागीदारों को अनधिकृत उपयोग या प्रकटीकरण के खिलाफ व्यक्तिगत डेटा की रक्षा के लिए उचित सुरक्षा उपाय लागू करने चाहिए।

# अनुपालन कथन

Atlas Copco Group उम्मीद करता है कि हमारे सभी व्यावसायिक भागीदार हमारी सामाजिक और व्यावसायिक नैतिकता, पर्यावरण मानकों और हमारी आचार संहिता में दर्शाई गई प्रतिबद्धताओं को साझा करेंगे।

हम नियमित रूप से अपने व्यावसायिक संबंधों की समीक्षा करते हैं और उन व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंध समाप्त कर सकते हैं जो हमारे मानकों और मानदंडों के साथ संरेखित होने के लिए बदलाव करने को तैयार नहीं हैं। Atlas Copco Group उम्मीद करता है कि हमारे व्यावसायिक भागीदार उपयुक्त दस्तावेज़ीकरण बनाए रखें ताकि वे व्यावसायिक भागीदार मापदंडों का पालन प्रदर्शित कर सकें या Atlas Copco Group के साथ एक कार्य योजना स्थापित करके इन मानदंडों का पालन करने के इरादे और तत्परता को प्रदर्शित कर सकें।

यदि उल्लंघनों का पता चलता है, तो व्यावसायिक भागीदार इस व्यावसायिक भागीदार मापदंड दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर कर सकते हैं यदि वे इन आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में हैं और Atlas Copco Group के साथ एक कार्य योजना स्थापित करने के लिए तैयार हैं।

Atlas Copco Group के साथ व्यापार करने की शर्त के रूप में, व्यावसायिक भागीदारों और उनके उप-ठेकेदारों को Atlas Copco Group और हमारे नामित एजेंटों (जिसमें तीसरे पक्ष शामिल हैं) को व्यावसायिक भागीदार मापदंडों के अनुपालन की सुरक्षा और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए ऑडिट करने की अनुमति देनी चाहिए। ऑनसाइट ऑडिट हमेशा व्यावसायिक भागीदार के सहयोग से पहले से व्यवस्थित किए जाएँगे। किसी भी व्यावसायिक भागीदार के उप-ठेकेदारों का कोई भी स्थानीय ऑडिट व्यावसायिक भागीदार के सहमति पर किया जाएगा।

**मैं/हम, व्यावसायिक भागीदार का प्रमाणित प्रतिनिधि(ओं) ने, इस व्यावसायिक भागीदार मापदंड दस्तावेज़ को पढ़ा और समझा है, जो Atlas Copco Group की आचार संहिता पर आधारित है, और इसे सत्यापित करता हूँ/करते हैं कि व्यावसायिक भागीदार इसमें दी गई सभी मानकों और आवश्यकताओं का पूरा पालन करने को स्वीकार और प्रतिबद्ध है।**

**व्यावसायिक भागीदार का नाम:** ....................................................................................

**व्यावसायिक भागीदार की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर:**

**हस्ताक्षर:** ....................................................................................

**बड़े अक्षरों में नाम:** ....................................................................................

**नौकरी का पद/कार्य:** ....................................................................................

**हस्ताक्षर की तिथि:** ....................................................................................

# संदर्भ

**कॉर्पोरेट वेबसाइट:**
https://www.atlascopcogroup.com/en

**Atlas Copco Group की आचार संहिता:**
https://www.atlascopcogroup.com/en/sustainability/social-and-governance/code-of-conduct

**Atlas Copco Group इन मुख्य अंतर्राष्ट्रीय नैतिक ढांचों के प्रति प्रतिबद्ध है:**

- कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन घोषणा [www.ilo.org]
- बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए OECD के दिशानिर्देश [www.oecd.org]
- व्यवसाय और मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र मार्गदर्शक सिद्धांत [www.ohchr.org]
- संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता [www.unglobalcompact.org]
- संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक [www.un.org]

Atlas Copco AB (publ)
SE-105 23 स्टॉकहोम, स्वीडन
फ़ोन: +46 8 743 80 00
वैट नंबर: SE556014272001

**atlascopcogroup.com**

Atlas Copco Group